**शिक्षा मंत्रालय**

**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**फरवरी माह, 2024 की मासिक जानकारी**

फरवरी 2024 माह के दौरान महत्वपूर्ण घटनाक्रम और गतिविधियां,

**I. वित्तीय उपलब्धियां/विमुक्तियाँ :**

संशोधित अनुमान का 68.24% 29 फरवरी, 2024 तक जारी किया गया।

**II. महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय और गतिविधियां/पहल:**

**क. नीति संबंधी चर्चाएं/बैठकें:**

**महत्वपूर्ण मामले/घटनाक्रम**

| **क्र.सं.** | **विषय** | **सार** |
|---|---|---|
| 1 | अंतरिम बजट 2024-25 | * वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 73,498 करोड़ रुपये का बजट आवंटन स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के लिए अब तक का सबसे अधिक आवंटन है.<br><br>* वित्त वर्ष 2024-25 में स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के बजट आवंटन में संशोधित अनुमान 2023-24 से कुल मिलाकर 12,024 करोड़ रुपये (19.56%) की वृद्धि हुई है।<br><br>* के.वि.सं. और न.वि.सं. के स्वायत्त निकायों में क्रमशः 9,302 करोड़ रुपये और 5,800 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक बजट आवंटन देखा जा सकता है.<br><br>* संशोधित अनुमान 2023-24 की तुलना में फ्लैगशिप योजनाओं अर्थात समग्र शिक्षा (4,500 करोड़ रुपये), पीएम-पोषण (2,467 करोड़ रुपये) और पीएम-श्री (3,250 करोड़ रुपये) में बजट आवंटन में वृद्धि हुई है।<br><br>* संशोधित अनुमान 2023-24 के संदर्भ में के.वि.सं. के आवंटन में 802 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है जबकि न.वि.सं के आवंटन में 330 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। |

| क्र.सं. | विषय | सार |
|---|---|---|
| 2 | एडसिल विद्याजली छात्रवृत्ति कार्यक्रम | केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री ने 6 फरवरी 2024 को नई दिल्ली में एडसिल विद्यांजलि छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरू किया।<br>2022 - 23 बैच के ज.नि.वि. के 06 छात्रों को कार्यक्रम के दौरान माननीय केंद्रीय मंत्री से छात्रवृत्ति पत्र मिला है।<br>फिएट इंडिया, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, क्लियरमेडी हेल्थकेयर, भारत फोर्ज और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन सहित सीएसआर प्रायोजकों/प्रभाव संस्थापकों के बीच पांच समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया, जिसमें राष्ट्र निर्माण और इस देश के भविष्य के कार्यबल को सशक्त बनाने के साझा दृष्टिकोण की दिशा में सरकार और निजी क्षेत्र के बीच बलों के जुड़ने का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अभिनव विद्यांजलि फिनटेक प्लेटफॉर्म/पोर्टल शुरू किया गया।<br>एडसिल विद्यांजलि छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत नवोदय विद्यालय के उन मेधावी छात्रों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है जिनके पास साधनों की कमी है। नवोदय विद्यालयों के आर्थिक रूप से वंचित रहने वाले और मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के अलावा, इस प्रयास के तहत कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहलों के माध्यम से निजी क्षेत्र की भागीदारी को भी प्रोत्साहित किया जाता है |
| 3 | उल्लास मेला | केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री ने 6 फरवरी 2024 को राष्ट्रीय बाल भवन, नई दिल्ली में दो दिवसीय उल्लास मेले का उद्घाटन किया।<br><br>केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।<br>कार्यक्रम के दौरान उल्लास अचीवर्स, स्वयंसेवकों और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। उल्लास संक्षिप्त प्राइमर और मार्गदर्शिका (एनसीईआरटी); उल्लास प्राइमर/मार्गदर्शिका (राज्य और संघ राज्य क्षेत्र); जिंगल ऑन उल्लास (एनसीईआरटी); उल्लास: डॉक्यूमेंट्री फिल्म (एमओई); और मोबाइल है सही - महत्वपूर्ण जीवन कौशल संबंधी लघु एनिमेटेड फिल्म (एनसीईआरटी) भी माननीय मंत्री द्वारा डिजिटल रूप से जारी की गई।<br><br>एनईपी 2020 के अनुरूप उल्लास योजना के तहत वयस्कों (15 वर्ष और उससे अधिक) को लक्षित की जाती है जो स्कूल नहीं जा सकते हैं या औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकते हैं और डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता, पर्यावरण साक्षरता, स्वास्थ्य और स्वच्छता, |

| क्र.सं. | विषय | सार |
|---|---|---|
| | | आदि जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल के माध्यम से मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (एफएलएन) प्रदान करता है। इसे हाइब्रिड मोड में लागू किया गया है |
| 4 | एपीएएआर (स्वचालित स्थायी शैक्षणिक खाता रजिस्ट्री) | शिक्षा मंत्रालय और सीएससी एसपीवी ने संयुक्त रूप से 7 फरवरी 2024 को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से एपीएएआर (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) शुरू किया किया। इसके बाद 13 फरवरी 2024 को नई दिल्ली में एपीएएआर: वन नेशन वन स्टूडेंट आईडी कार्ड पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन किया गया। केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री ने सम्मेलन में भाग लिया।<br>एपीएएआर की अवधारणा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के तहत की गई है, जिसके अंतर्गत सभी कॉलेज/विश्वविद्यालय जाने वाले छात्रों को एबीसी, यानी एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट पर पंजीकरण करना आवश्यक है। एपीएएआर आईडी छात्र के पास जीवन पर्यंत रहेगी। एपीएएआर आईडी को आधार से प्रमाणित किया जाता है और डिजी लॉकर से जोड़ा जाता है। इसका उद्देश्य पूरे भारत में प्रत्येक छात्र को एक विशिष्ट और स्थायी 12-अंकीय आईडी निर्दिष्ट करके, उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों को एक स्थान (एबीसी) में समेकित करके छात्रों के लिए एक एकीकृत और सुलभ शैक्षणिक अनुभव प्रदान करना है।<br>ग्राम स्तर के उद्यमी स्कूलों में जाएंगे और छात्रों का नामांकन करेंगे और उन्हें एपीएएआर आईडी प्रदान करेंगे।<br>अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) एक आभासी/डिजिटल स्टोरहाउस है जिसमें किसी भी संस्थान में छात्र द्वारा किए गए सभी अध्ययनों, उसका प्रदर्शन और व्यक्तिगत छात्रों द्वारा उनके अधिगम की यात्रा के दौरान अर्जित क्रेडिट की जानकारी होती है । |
| 5 | पीएम श्री स्कूल | माननीय केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री ने छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री के साथ 19 फरवरी 2024 को रायपुर में 211 पीएम श्री स्कूलों का उद्घाटन किया। |
| 6 | विविध | **स्टार्स** |

| क्र.सं. | विषय | सार |
|---|---|---|
| | | स्टार्स परियोजना के तहत दिनांक 29.01.2024 से 05.02.2024 तक संयुक्त समीक्षा मिशन आयोजित किया गया।<br>स्टार्स परियोजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश को 1769.78 लाख रुपए की राशि जारी की गई है।<br>स्टार्स परियोजना के तहत राजस्थान को 3862.63 लाख रुपये की राशि जारी की गई है।<br>स्टार्स परियोजना के अंतर्गत केरल को 4516.77 लाख रुपये की राशि जारी की गई है।<br><br>**विद्यांजलि**<br><br>फरवरी 2024 के महीने के दौरान, पोर्टल पर अतिरिक्त 2000 सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल शामिल किए गए, जिससे 29 फरवरी, 2024 की स्थिति के अनुसार विद्यांजलि पोर्टल पर संचयी रूप से कुल 6.90 लाख ऑनबोर्ड स्कूलों में वृद्धि हुई।<br><br>**समग्र शिक्षा**<br><br>फरवरी, 2024 तक समग्र शिक्षा के तहत जारी धनराशि (संचयी-सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/राष्ट्रीय घटक)- **18574.95** करोड़ रुपये<br>समग्र शिक्षा के तहत फरवरी, 2024 (राजस्थान) तक जारी की गई धनराशि – **1747.77** करोड़ रुपये<br>फरवरी, 2024 तक समग्र शिक्षा के तहत जारी धनराशि (राजस्थान) - 1747.77 करोड़ रुपये<br>वर्ष 2023-24 के दौरान समग्र शिक्षा के कार्यान्वयन के लिए मध्य प्रदेश सरकार को दिनांक 31.01.2024 को 69365.00 लाख रुपये की तीसरी किस्त जारी की गई।<br>वर्ष 2023-24 के दौरान समग्र शिक्षा के कार्यान्वयन के लिए हरियाणा सरकार को दिनांक 09.02.2024 की 15162.89 लाख रुपये की दूसरी किस्त जारी की गई। |

| क्र.सं. | विषय | सार |
|---|---|---|
| | | **पीएम पोषण**<br><br>फरवरी 2024 के दौरान पीएम पोशन योजना के तहत वित्त वर्ष 2023-24 के लिए स्वीकार्य राशि का 25% आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, गोवा, गोवा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा, अंडमान और निकोबार द्वीप, चंडीगढ़ और डीएनएच और दादरा नागर हवेली और दमन एवं दीव जैसे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जारी किया गया है। |

**ख. स्वायत्त निकायों की गतिविधियाँ:**

| संगठन | गतिविधि |
|---|---|
| केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) | • **इंस्पायर अवार्ड- मानक-2023-24**<br>अभिप्रेरित अनुसंधान के लिए विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार' (इंस्पायर) योजना भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। 2023-24 में जिला स्तरीय प्रदर्शनी और परियोजना प्रतियोगिता (डीएलपीसी) में भाग लेने के लिए योजना के तहत केविसं से 247 छात्रों का चयन किया गया है। डीएलईपीसी 2023-24 के लिए प्रोजेक्ट और प्रोटोटाइप तैयार करने के लिए प्रत्येक छात्र को 10,000 रुपये की राशि मिलेगी।<br>• **छात्रों ने राष्ट्रपति भवन परिसर में अमृत उद्यान का दौरा किया**<br>• भारत के राष्ट्रपति के अपर सचिव के निर्देशानुसार, दिनांक **29.02.2024** तक **312** सीडब्ल्यूएसएन छात्रों सहित दिल्ली**,** गुरुग्राम और आगरा क्षेत्र के केंद्रीय विद्यालयों के **5588** छात्रों ने अमृत उद्यान का दौरा किया। |
| | • **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर की गई कार्यवाई:**<br>➢ **पीएम श्री योजना का शुभारंभ**: उभरते भारत के लिए प्रधान मंत्री स्कूल (पीएम श्री) योजना का उद्घाटन 19 फरवरी, 2024 को छत्तीसगढ़ राज्य में माननीय केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास उवं उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा किया |

| संगठन | गतिविधि |
| --- | --- |
| नवोदय विद्यालय समिति (नविस) | गया है। समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने की। 22 जनवि छात्रों ने 15 शिक्षकों के साथ विज्ञान, प्रौद्योगिकी, गणित और परिवहन पर परियोजनाओं का प्रदर्शन किया, कला और शिल्प, मिट्टी और टेराकोटा कला, बांस और लकड़ी की कला आदि पर कार्य प्रदर्शित किया और अन्य 189 जनवि छात्रों ने भी इस समारोह में भाग लिया।<br><br>• **अन्य गतिविधियाँ, कार्यक्रम और उपलब्धियाँ:**<br><br>➢ **राष्ट्रीय विज्ञान दिवस**: 28 फरवरी, 1928 को सर सी. वी. रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में सभी जनवि में दिनांक 28 फरवरी, 2024 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया, जिसमें जनवि में विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया गया, जिसमें 649 जनवि के 1,77,442 छात्रों और 13,801 कर्मचारियों ने भाग लिया।<br><br>➢ **फुटबॉल 4 स्कूल (एफ4एस) कार्यक्रम:** नविस को फुटबॉल 4 स्कूल (एफ4एस) जिला स्तरीय किक ऑफ कार्यक्रम के तहत फुटबॉल के वितरण के लिए एक नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। इस कार्यक्रम में, ओडिशा राज्य के 18 जनवि के माध्यम से महीने के दौरान फुटबॉल का वितरण किया गया है। |
| राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) | • **पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकें**<br>• एनईपी 2020 और स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, 2023 के अनुसरण में हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू और संस्कृत भाषाओं में पाठ्यपुस्तकों के निर्माण के लिए एक कार्यशाला एनआईई, नई दिल्ली में 1 से 6, 5 से 9, 11 से 16, 12 से 16, 19 से 22, 19 से 23, 24 से 28 फरवरी, 2024 तक आयोजित की गई।<br>➢ टेलीकॉम तकनीशियन - आईओटी डिवाइस सिस्टम पर पाठ्यपुस्तक की समीक्षा करने के लिए 12 से 16 फरवरी, 2024 तक पीएसएससीआईवीई, भोपाल में एक कार्यशाला आयोजित की गई।<br>➢ मध्य चरण (कक्षा 6 से 8) और माध्यमिक चरण (कक्षा 9 से 12) में व्यावसायिक शिक्षा के कार्यान्वयन के लिए दिशानिर्देश और पाठ्यक्रम और गतिविधि पुस्तिका के निर्माण की समीक्षा और अंतिम रूप देने के लिए |

| संगठन | गतिविधि |
|---|---|
| | संबंधी व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम क्षेत्र समूह (सीएजी-वीई) की बैठक 14 से 16 फरवरी, 2024 तक सीआईईटी, नई दिल्ली में आयोजित की गई थी।<br><br>• **शिक्षकों, शिक्षक-प्रशिक्षकों और अन्य हितधारकों का क्षमता निर्माण**<br>➢ समग्र शिक्षा योजना की सामाजिक लेखापरीक्षा के संबंध में पर गुजरात और गोवा के मास्टर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण 12 फरवरी, 2024 को अहमदाबाद में और 20 फरवरी, 2024 को गोवा में आयोजित किया गया।<br>➢ साइबर सुरक्षा और सुरक्षा कार्यक्रम के तहत मॉड्यूल और गतिविधियों के निर्माण के लिए दिनांक 12 से 16 फरवरी, 2024 तक सीआईईटी-एनसीईआरटी में एक कार्यशाला आयोजित की गई।<br>➢ सीआईईटी, एनसीईआरटी द्वारा 19 से 23 फरवरी, 2024 तक निष्ठा शैक्षिक प्रौद्योगिकी स्तर -1" चरण -1 पर एनआरजी का एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया।<br>➢ सीआईईटी, एनसीईआरटी द्वारा निष्ठा शैक्षिक प्रौद्योगिकी स्तर -1" चरण-2 पर एनआरजी का एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।<br>➢ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा संचालित स्कूलों में प्रायोगिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एनसीईआरटी शैक्षिक किट के उपयोग को प्रोत्साहित के लिए 14 से 16 फरवरी, 2024 तक आरआईई, मैसूर में एक अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।<br>➢ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ाने के लिए मदरसों (वैकल्पिक स्कूलों) में पढ़ाने वाले प्रबंधकों/प्रधान शिक्षकों के लिए एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम 12 से 16 फरवरी, 2024 तक एससीईआरटी, त्रिपुरा में आयोजित किया गया।<br>➢ कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु राज्यों के लिए प्रारंभिक और मध्य चरणों में प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के लिए खिलौना आधारित शिक्षाशास्त्र पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम 5 से 9 फरवरी, 2024 तक आरआईई, मैसूर में आयोजित किया गया।<br>➢ कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु राज्यों के लिए प्रारंभिक और मध्य चरणों में प्रमुख संसाधन व्यक्तियों के लिए खिलौना आधारित शिक्षाशास्त्र पर |

| संगठन | गतिविधि |
|---|---|
| | एक प्रशिक्षण कार्यक्रम 5 से 9 फरवरी, 2024 तक आरआईई, मैसूर में आयोजित किया गया।<br>➢ भूगोल में रिमोट सेंसिंग और जीआईएस अनुप्रयोगों पर केआरपी का क्षमता निर्माण कार्यक्रम 19 से 23 फरवरी, 2024 तक सिक्किम में आयोजित किया गया।<br>➢ एससीईआरटी, अगरतला के लिए बहुभाषी शिक्षा पर मास्टर प्रशिक्षकों/केआरपी का एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम 12 से 16 फरवरी, 2024 तक अगरतला में आयोजित किया गया।<br><br>• **डिजिटल पहलें**<br>➢ 'माध्यमिक स्तर पर अर्थशास्त्र किट के उपयोग संबंध सांकेतिक भाषा सहित ऑडियो-वीडियो गाइड का विकास' कार्यक्रम के तहत स्क्रिप्ट की तैयारी और प्रूफ रीडिंग के लिए कार्यशालाएं 5 से 9 फरवरी और 19 से 23 फरवरी, 2024 तक आयोजित की गईं।<br>➢ आयुष मंत्रालय और मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के सहयोग से लाइव योग श्रृंखला के तहत, 45 मिनट के 334 लाइव इंटरैक्टिव सत्र पीएम ईविद्या चैनल #06 से #12 पर 250.5 घंटे तक प्रसारित किए गए हैं।<br>➢ ओगमेंटेड रियल्टी और दीक्षा वर्चुअल लैब के प्रदर्शन के लिए विशेष लाइव सत्र 13 से 17 फरवरी, 2024 तक पीएमईविद्या चैनल #6 से 12 पर सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयोजित किए गए थे।<br><br>• **लंबी अवधि के पाठ्यक्रमों का संचालन**<br>➢ स्कूली सामाजिक विज्ञान पाठ्यपुस्तकों और अन्य पाठ्यचर्या सामग्री के निर्माण पर छह महीने के प्रमाणपत्र कार्यक्रम का तीसरा चरण 6 फरवरी, 2024 को पूरा हुआ।<br><br>• **विस्तार कार्यक्रम**<br>➢ मनोदर्पण *के तहत* 1 से 27 फरवरी, 2024 तक कुल 19 सहयोग सत्र आयोजित किए गए और *1 से 27 फरवरी, 2024 तक* कुल 4 परिचर्चा सत्र आयोजित किए गए। |

| संगठन | गतिविधि |
| --- | --- |
| | ➢ 'अभिव्यक्ति श्रृंखला' के तहत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह के एक भाग के रूप में इंटर स्कूल विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और इंटर-कॉलेजिएट विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 13 फरवरी, 2024 और 21 फरवरी, 2024 को आरआईई, मैसूर में आयोजित की गई। |
| **केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई)** | • **शैक्षणिक इकाई :**<br>➢ **जादूई पिटारा'** - 3-8 **वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के लिए तैयार की गई एक खेल-आधारित शिक्षक-शिक्षण सामग्री और बालवाटिका (पूर्व-प्राथमिक शिक्षा) के लिए दिशानिर्देश।**<br>ई-जादुई पिटारा, एक खेल-आधारित शिक्षण और अधिगम का संसाधन, का शुभारंभ सीबीएसई-संबद्ध स्कूलों के साथ साझा किया गया है, जो मूलभूत शिक्षार्थियों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एनसीएफ-एफएस 2022 के साथ अनुकूलित है। स्कूलों को एफएलएन योग्यता को बढ़ावा देने और एनसीएफ-एफएस में उल्लिखित निर्दिष्ट लर्निंग आउटकम (एलओ) तक पहुंचने के लिए ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। बालवाटिका वाले या उन्हें स्थापित करने की योजना बना रहे सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों को भी जादूई पिटारा को शामिल करते हुए प्रारंभिक बचपन देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) के लिए समर्पित स्थान बनाने की सलाह दी गई है। एनसीईआरटी द्वारा तैयार प्री-स्कूल शिक्षा दिशानिर्देशों को प्रारंभिक बचपन की शिक्षा प्रथाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए अनुशंसित किया गया है, जिसमें दृश्यता और मान्यता बढ़ाने के लिए ब्रांडिंग पर जोर दिया गया है। |
| | • **विशेष आवश्यकताओं के लिए प्रौद्योगिकी पर बैठक - 2 फरवरी 2024.** |

| संगठन | गतिविधि |
| --- | --- |
| राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एनसीटीई) | देश भर के समावेशी स्कूलों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के शिक्षण-अधिगम में डिजिटल प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग पर चर्चा करने के लिए दिनांक 2.2.2024 को एक बैठक बुलाई गई थी। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने एनईपी 2020 में परिकल्पित शिक्षा में समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए उत्प्रेरक के रूप में डिजिटल प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका पर गहन विचार-विमर्श किया।<br><br>• **आईटीईपी के लिए ट्रांजिशन मॉड्यूल का शुभारंभ - 5 फरवरी 2024.**<br>आईटीईपी में 4-वर्षीय एकीकृत कार्यक्रम (बीए-बी.एड./बी.एससी-बी.एड.) कार्यक्रम के लिए ट्रांजिशन मॉड्यूल की शुरूआत 5 फरवरी 2024 को की गई थी और इच्छुक संस्थानों से परिवर्तन के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे।<br><br>• **शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पर राष्ट्रीय सम्मेलन- 12 फरवरी 2024**<br>राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) को ध्यान में रखते हुए आवश्यक परिवर्तनकारी परिवर्तनों पर चर्चा और विचार-विमर्श करने के लिए एनसीटीई ने सीबीएसई के साथ साझेदारी में 12 फरवरी 2024 को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।<br>• **एनपीएसटी गाइडिंग डॉक्यूमेंट पर क्षेत्रीय परामर्श बैठक- 16 और 17 फरवरी 2024**<br>एनसीटीई ने 16 और 17 फरवरी 2024 को एनपीएसटी मार्गदर्शक दस्तावेज़ 2023 पर हितधारकों से सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने/प्रतिक्रिया लेने के लिए 2-दिवसीय क्षेत्रीय परामर्श बैठक, कार्यक्रम का मूल्यांकन और वर्ष के अंत में गोष्ठी का आयोजन किया। बैठक को एनपीएसटी के देशव्यापी कार्यान्वयन से पहले इनपुट एकत्र करने/अनुभव साझा करने के लिए विशेषज्ञों, कार्य समूह, प्रायोगिक लक्ष्य समूह, अन्य हितधारकों आदि के साथ व्यापक परामर्श के लिए डिज़ाइन किया गया था।<br>• **शिक्षा के लिए शिक्षकों पर अंतर्राष्ट्रीय कार्य बल के नीति संवाद मंच और शासन बैठकें 2030- 26 से 28 फरवरी 2024** |

| संगठन | गतिविधि |
| --- | --- |
| | शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नामांकन पर, सदस्य सचिव एनसीटीई ने वैश्विक शिक्षक कमी की समस्या को हल करने पेशे को प्रतिष्ठित, विविधतापूर्ण और महत्व देने के मुद्दे पर 14वें नीति संवाद मंच में भाग लिया:, जो 26 से 28 फरवरी 2024 तक जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका में यूनेस्को द्वारा आयोजित किया गया था। मंच ने शिक्षकों की कमी के कारण आने वाली आम चुनौतियों की जांच की, प्रभावी नीतियों के माध्यम से उनसे कैसे निपटा जाए और शिक्षण पेशे को मान्य और सुदृढ़ करने के लिए भविष्य की परिवर्तनकारी कार्यनीतियों का पता लगाया। इस मंच ने विचारों का आदान-प्रदान करने और मंत्रालयों, नागरिक समाज संगठनों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और दाताओं जो शिक्षकों, अग्रणियों, शिक्षक शिक्षकों और नीति-निर्माताओं का समर्थन करते हैं। के लिए नीति विकल्पों और सिफारिशों का पता लगाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा हितधारकों को व्यक्तिगत और ऑनलाइन रूप से एक साथ लाया, |
| राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) | • एनआईओएस परीक्षाओं के संबंध में अधिसूचना<br>➢ दिनाकं 04.03.2024 से सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (बिहार) के लिए परीक्षा की समय सारणी के संबंध में दिनांक 05.02.2024 की अधिसूचना संख्या 7/2024<br>➢ मार्च 2024 की लोक परीक्षा के लिए व्यावहारिक परीक्षा समय सारणी/परीक्षा तिथि पत्र दिनांक के संबंध में दिनांक 09.02.2024 की अधिसूचना संख्या 08/2024<br>➢ मई/जून 2024 की परीक्षा के लिए डीएलएड (ऑफलाइन जम्मू कश्मीर) पाठ्यक्रम के लिए पंजीकरण और परीक्षा शुल्क के भुगतान की समय-सारणी के संबंध में दिनांक 23.02.2024 की अधिसूचना संख्या 10/2024 |

* **ई-गवर्नेंस के कार्यान्वयन की स्थिति**

इस विभाग में ई-ऑफिस पूर्णतया क्रियान्वित है। सूचना का आदान-प्रदान, संचार और लेन-देन ई-ऑफिस/ई-मेल के माध्यम से किया जाता है। राज्य सरकारों/अन्य मंत्रालयों/स्वायत्त संगठनों के साथ बैठकें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की जाती हैं।